Need to connect religious and tourist places in Kanker Parliamentary Constituency under the National Ropeways Development Programme-laid

श्री मोहन मंडावी (कांकेर): केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना नेशनल रोप-वे विकास कार्यक्रम के तहत मैं मेरे संसदीय क्षेत्र कांकेर छ.ग.के गढ़िया पहाड़-कांकर,गोटिटोला (चारामा)शक्ति पीठ गाढ़ागौरी(चारामा)सिद्ध रानी मंदिर आवरी (चारामा)शामतरा (नरहरपुर) महानदी के उदगम स्थल श्रृंगी ऋषी पर्वत जैसे धार्मिक तथा नैसर्गिक पर्यटन स्थलों में रोप-वे निर्माण प्रस्ताव पर अमल करने का आग्रह करता हूं।

उक्त धार्मिक स्थलों में रोप-वे परियोजना के तहत किये जाने के निर्माण से धार्मिक स्थलों की यात्रा करने वाले लोगों को सुविधा प्रदान होगी। स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा साथ ही राजस्व की वृद्धि होगी।

अतः सरकार से अनुरोध है कि रोप-वे विकास कार्यक्रम के तहत उक्त धार्मिक स्थलों को जोड़कर रोप-वे की सुविधा प्रदान करने हेतु निर्देशित करें।